दिन– सोमवार

दिनांक– 30/12/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।

अवधिः– 05 मिनट

---

बिहार लोक सेवा आयोग की सत्तरवीं सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा रद्द किए जाने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों का आंदोलन तेरहवें दिन जारी है। कल गांधी मैदान में छात्र संसद के बाद मार्च निकालने के दौरान पुलिस से झड़प और लाठी चार्ज के विरोध में आज विभिन्न संगठनों ने चक्का जाम का आह्वान किया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि चक्का जाम के दौरान प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर रेल और सड़क यातायात को रोकने का प्रयास किया गया है। बंद को वामदलों और कुछ अन्य राजनीतिक दलो का समर्थन प्राप्त है।

————————————————————————

पटना के गांधी मैदान में बिना इजाजत के छात्र संसद आयोजित करने और हंगामा करने के मामले में जनसुराज पार्टी के संयोजक प्रशांत किशोर समेत इक्कीस लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। वहीं, सात सौ अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इस मामले में प्रशांत किशोर ने आज मीडिया से बातचीत करते हुए सफाई दी। उन्होंने कहा कि उनपर अभ्यर्थियों को भड़काने का आरोप गलत है। श्री किशोर ने कहा कि जब तक वो धरना स्थल पर मौजूद थे तब तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि राज्य में सरकार क्रियाशील नहीं है। कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम के तहत सीतामढ़ी में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री यादव ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार बीपीएससी अभ्यर्थियों की मांगो को दरकिनार कर रही है। उन्होंने सत्रह महीने की महागठबंधन सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई। श्री यादव ने कहा कि अब नीतीश कुमार के साथ गठबंधन का कोई सवाल ही नहीं है।

———————————————————————

भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी और महावीर मंदिर ट्रस्ट, पटना के सचिव आचार्य किशोर कुणाल का अंतिम संस्कार आज हाजीपुर स्थित कोनहारा घाट पर किया जा रहा है। इससे पहले उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए पटना स्थित आवास पर रखा गया। पार्थिव शरीर को पटना के महावीर मंदिर में भी रखा गया जहाँ बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद शव यात्रा कोनहारा घाट के लिए रवाना हुई। गौरतलब है कि कल दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया था। वे चौहत्तर वर्ष के थे।

———————————————————————

केन्द्रीय वित्त और कॉरपोरेट कार्यमंत्री निर्मला सीतारामन ने वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के आम बजट के मद्देनजर आज नई दिल्ली में पांचवीं बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में वित्त, निवेश और सार्वजनिक परिसम्पत्ति प्रबंधन, आर्थिक कार्य सहित कई विभागों के सचिव, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग तथा केन्द्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए। वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए केन्द्रीय बजट पहली फरवरी दो हजार पच्चीस को संसद में पेश किये जाने की आशा है। यह वित्तमंत्री सीतारामन का लगातार आठवां बजट होगा।

———————————————————————

तेज पछुवा हवा के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में ठंड में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राजधानी पटना समेत राज्य के दक्षिणी भागों के अधिकतर स्थानों पर बादल छाया हुआ है। एक दो स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी भी हुई है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर भागों में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले कुछ दिनों तक तापमान में कमी का सिलसिला जारी रहेगा।

———————————————————————

जहानाबाद जिला समाहरणालय स्थित सभागार में आज उप विकास आयुक्त धनंजय कुमार की अध्यक्षता में अद्योगो और बैंकर्स की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

———————————————————————

अररिया जिले के आरएस थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में मादक पदार्थ स्मैक के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिला मुख्यालय बेतिया में वामपंथी दलों ने बाबा साहब अम्बेडकर के कथित अपमान के मुद्दे पर राजदेवड़ी से समाहरणालय तक विरोध मार्च निकाला।

———————————————————————

मधुबनी जिले के जयनगर में भारत—नेपाल सीमा के करीब एसएसबी जवानों ने अभियान चलाकर चौबीस सौ बोतल नेपाली शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार किया गया।

———————————————————————

समाप्त